/57

# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग
## सकारण आदेश

सकारण आदेश संख्या–14/अ0प्र0–14–167/2025 3980 /पटना, दिनांक– 30.3.26

संवेदक Jagriti Construction (Reg. No. 1210052), Add:- At –Zeromile, P.O- Bihat, Dist-Begusarai, Bihar Pincode 851135 को कार्य प्रमंडल, फुलपरास के अधीन MR (3054) योजनान्तर्गत "गेहूमा बैरिया से छारापट्टी" पथ का निर्माण कार्य आवंटित किया गया। एकरारनामा संख्याः– 13MBD/2020-21 के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि 03.09.2020 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 02.09.2021 था।

उक्त पथ में निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के बाद भी संवेदक द्वारा उक्त पथ का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया गया। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, फुलपरास द्वारा उक्त पथ का निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु कई बार नोटिस दिया गया परन्तु संवेदक द्वारा पथ का निर्माण कार्य पूर्ण करने में कोई अभिरूचि नहीं ली गई।

तद्‌लोक में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, फुलपरास के पत्रांक 2180 दिनांक 31.12.2022 द्वारा एकरारनामा संख्याः–13MBD/2020-21 को विखंडित करते हुए अपने पत्रांक 38 दिनांक 07.01.2023 द्वारा संवेदक के निबंधन को कालीसूची में सम्मिलित किये जाने हेतु उचित माध्यम से अनुशंसा उपलब्ध करायी गयी।

उक्त अनुशसां के आलोक में विभागीय पत्रांक 238 अनु0 दिनांक 13.01.2023 द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित किये जाने हेतु निदेशित किया गया।

संवेदक द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण के आलोक में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, फुलपरास के पत्रांक 400 दिनांक 23.02.2026 द्वारा उल्लेखित किया गया है कि संदर्भित पथ के एकरारनामा को विखंडित किये जाने के पश्चात इस कार्यालय के पत्रांक–56 दिनांक–12.01.2023 के द्वारा संवेदक द्वारा किये गये आंशिक कार्य का अंतिम मापी हेतु लिखा गया। दिनांक–20.01.2023 को अंतिम मापी लिया जाना है आप कार्य स्थल पर उपस्थित रहेंगे, परन्तु संवेदक या उनके प्रतिनिधि कार्य स्थल पर उपस्थित नहीं हुये और अनुपस्थिति में ही अंतिम मापी लिया गया। इस कार्यालय का पत्रांक–122 दिनांक–23.01.2023 के द्वारा उक्त के संदर्भ में सूचित किया गया कि दिनांक –20.01.2023 को कार्य स्थल पर पथ का अंतिम मापी हेतु संवेदक को स्वयं अथवा प्राधिकृत प्रतिनिधि को उपस्थित रहने हेतु पत्र लिखा गया। आपके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति के अनुपस्थिति में ही निर्धारित तिथि को क्षेत्रीय अभियंता के द्वारा पथ का अंतिम मापी ले लिया गया है। फलस्वरूप पथ का अंतिम रूप से मापी ले लिया गया है, जो दिनांक–13.02.2023 को निर्धारित की गई है, अनुपस्थित रहने की स्थिति में दिनांक– 20.01.2023 को ले ली गई अंतिम मापी ही मान्य होगी, पूर्व के तरह इस बार भी संवेदक /प्राधिकृत व्यक्ति अंतिम मापी हेतु कार्य स्थल पर अनुपस्थित पाये गये उक्त कार्य का अंतिम मापी पुस्त 3054 पुष्ठ संख्या–01 से 03 में अंकित है।

एम0बी0डी0 एकरारनामा में सुसंगत कंडिकाओं में निहित प्रावधान के तहत Risk Cost के आधार पर इस कार्यालय के पत्रांक–2795 दिनांक–25.10.2023, पत्रांक–2870 दिनांक–02. 11.2023 एवं पत्रांक–2931 दिनांक–22.11.2023 के द्वारा संवेदक से वसूलनीय राशि मो0 5882678.00 रूपया मात्र की गई जो संवेदक द्वारा जमा नहीं किया गया है। तत्पश्चात् पथ का पुनरिक्षित प्राक्कलन तैयार कर मुख्य अभियंता–06 (दरभंगा), ग्रामीण कार्य विभाग, दरभंगा, बिहार का पत्रांक–399 दिनांक–10.06.2024 के द्वारा स्वीकृति हेतु समर्पित की गई किंतु लंबे समय बीत जाने के उपरांत भी स्वीकृति नहीं मिली फलस्वरूप तत्कालीन अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार पटना के मौखिक निदेशानुसार कार्य को MR-3054 New Maint, Policy, से ड्राप करने तथा MMGSUY-RRSMP में स्वीकृति के लिये इस कार्यालय के पत्रांक–18 दिनांक–09.01.2025 के द्वारा

प्रस्ताव समर्पित किया गया तथा ड्राप करने हेतु पत्रांक–125 अनु0 दिनांक–30.01.2025 के द्वारा अनुशंसा समर्पित की गई।

इससे स्पष्ट है कि संदर्भित पथ का निर्माण कार्य ससमय नहीं किया जाना, संवेदक Jagriti Construction (Reg. No. 1210052) पूर्णतः दोषी है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समीक्षोपरान्त बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 की कंडिका 11(क) (vi) एवं 11 (ख) (ii) के आलोक में संवेदक Jagriti Construction (Reg. No. 1210052), Add:- At –Zeromile, P.O- Bihat, Dist-Begusarai, Bihar Pincode 851135 के निबंधन संख्याः– 1210052, PAN No.AAHFJ4305Q को अगले 03 (तीन) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–167/2025 3980 /पटना, दिनांक– 30.3.26

निबंधित

प्रतिलिपि– संवेदक Jagriti Construction (Reg. No. 1210052), Add:- At –Zeromile, P.O- Bihat, Dist-Begusarai, Bihar Pincode 851135 को सूचनार्थ प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–167/2025 3980 /पटना, दिनांक– 30.3.26

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव/सचिव/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधान विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/ नगर विकास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/ सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियता/सभी कार्यपालक अभियंता/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–167/2025 3980 /पटना, दिनांक– 30.3.26

प्रतिलिपि– सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–167/2025 3980 /पटना, दिनांक– 30.3.26

प्रतिलिपि– नोडल पदाधिकारी, निबंधन, ग्रामीण कार्य विभाग/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–167/2025 3980 /पटना, दिनांक– 30.3.26

'ebsite

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है इस पत्र को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करा दिया जाय।

अभियंता प्रमुख